Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide compensation to farmers who suffered loss of crops due to unseasonal rains in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency - Laid

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): सभापति महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद । मेरे क्षेत्र दादरा नगर हवेली एक केन्द्र शासित प्रदेश है । हाल ही में बेमौसम बारिश के कारण किसानों तथा आदिवासी किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है । मेरे क्षेत्र में छोटे किसान तथा आदिवासी किसान हैं । उनकी फसलों को बारिश के कारण हुई तबाही का शीघ्र केन्द्र द्वारा मूल्यांकन करने हेतु आग्रह करता हूं तथा ऐसे किसानों को शीघ्र मुआवजा राशि पहुंचाने हेतु उचित कार्यवाही की जाए, जिससे मेरे क्षेत्र के किसान आगामी फसलों की पैदावार करने हेतु खेती करने के लिए तैयारी करने में समर्थ हो सकें । इसके लिए ऐसे किसानों को आर्थिक सहायता देने की शीघ्र आवश्यकता है । आर्थिक परिस्थितियों के कारण ऐसे किसानों के परिवारों की जीवनयापन करने की स्थिति दयनीय हो रही है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति: जिन लोगों के नाम पहले छूट गए थे, उनके नाम एक बार फिर से हम पढ़ लेते हैं । अगर वे आ गए हैं, तो अपना मैटर बोल सकते हैं । श्री खगेन मुर्मु ।